(1)

# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

## वित्त समिति की 12 वीं बैठक के कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 05.06.2015 |
| दिन | : | शुक्रवार |
| समय | : | प्रातः 11 बजे |
| स्थान | : | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग/अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में। |

Scanned with OKEN Scanner

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की 12 वीं वित्त समिति की बैठक दिनांक 05.06.2015 को प्रमुख सचिव कक्ष में सम्पन्न हुई। 12 वीं बैठक मे उपस्थित हुये सदस्यों का विवरण।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>वित्त समिति<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | अध्यक्ष | |
| 2 | विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित | |
| 3 | विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 4 | निदेशक,<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 5 | वित्त नियत्रंक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 6 | निदेशक,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव | |

12.01 <u>वित्त समिति की दिनांक 04/09/2014 को सम्पन्न हुई 11 वीं बैठक की कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।</u>

12.02 वित्त समिति की दिनांक 04/09/2014 को सम्पन्न हुई 11 वी बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया जिस पर समिति ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

12.03 <u>वित्तीय वर्ष 2014–15 में वास्तविक आय–व्यय का विवरण</u>

वित्तीय वर्ष 2014–15 में वास्तविक आय रू0 1098.36 लाख के सापेक्ष वास्तविक व्यय रू0 937.20 लाख का विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा उसका अवलोकन किया गया तथा अपनी सहमति प्रदान की।

12.04 <u>वित्तीय वर्ष 2015–16 में शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि एवं संस्था की सम्भावित आय के सापेक्ष व्यय के विवरण पर विचार।</u>

वित्तीय वर्ष 2015–16 में शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि एवं संस्था की आय कुल धनराशि रू0 1154.26 लाख के सापेक्ष रू0 1004.26 लाख के सम्भावित व्यय के विस्तृत विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा समिति द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

12.05 <u>टेक्सटाइल टेस्टिंग लैब हेतु कय मशीन की स्वीकृत लागत से अधिक रू0 3.00 लाख के भुगतान किये जाने पर विचार।</u>

संस्थान के छात्र/छात्राओं के प्रयोगार्थ हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 में टेक्सटाइल टेस्टिंग लैब में Table mounted materials testing systems मशीन रू0 32,97,840.00 में कय की गयी थी । संस्थान की 10वीं वित्त समिति में उक्त मशीन हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 में रू0 30.00 लाख बजट प्राविधान स्वीकृत कराया गया था जिसका भुगतान कर दिया गया है। अतः उक्त मद में रू0 2,97,840.00 का व्यय अधिक के प्रस्ताव पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

12.06 <u>निम्न मदों पर स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय पर कार्योत्तर स्वीकृति पर विचार।</u>

वित्तीय वर्ष 2014–15 में वेतन, यात्रा व्यय तथा वुर्चअल क्लास की स्थापना मदों में कुल धनराशि रू0 40.66 लाख के अधिक व्यय पर समिति द्वारा प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की।

Scanned with OKEN Scanner

12.07 संस्थान में गर्ल्स हॉस्टल का विस्तारीकरण किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

संस्थान में छात्रों से सम्बन्धित 04 हॉस्टल है तथा 02 हॉस्टल निर्माणाधीन है। इस कारण से छात्रों से सम्बन्धित छात्रावास की आवश्यकता नहीं है किन्तु संस्थान में छात्राओं से सम्बन्धित 60 क्षमता का एक हॉस्टल है जबकि संस्थान में छात्राओं की कुल सं0 लगभग 200 है। जिसमें कानपुर नगर से बाहर निवास करने वाली छात्राओं की कुल संख्या 120 है जिस कारण से समस्त छात्राओं को छात्रावास की सुविधा नहीं उपलब्ध हो पा रही है।

अतः 40 छात्राओं से सम्बन्धित छात्रावास के विस्तारीकरण का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत है जिसका आगणन उ0प्र0 एवं आवास विकास परिषद् द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इसकी कुल लागत लगभग रू0 90.71 लाख है। उक्त धनराशि हेतु शासन से अतिरिक्त अनुदान के रूप में मांग–पत्र प्रेषित किया गया है।

समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की।

12.08. स्टूडेण्ट मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर कय के प्रस्ताव पर विचार।

पूर्व वित्तीय वर्ष 2014–15 में स्टूडेण्ट मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर कय के सम्बन्ध में 02 वार टेण्डर आमंत्रित किये गये थे किन्तु दोनों वार टेण्डरों की संख्या 02 से अधिक नहीं थी जिस कारण से टेण्डर प्रकिया को निरस्त करना पड़ा। इस वित्तीय वर्ष हेतु पुनः स्टूडेण्ट मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर UPDESCO के माध्यम से कय करने का रू0 10.00 लाख का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अवलोकन किया तथा अपनी सहमति इस आशय के साथ प्रदान की है कि UPDESCO/UPTRON एवं अन्य सरकारी संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाय। प्रस्ताव में तीन वर्ष तक साफ्टवेयर को चलाने के सम्बन्ध में करार का प्रावधान किया जाय।

12.09 निष्प्रयोज्य छात्रावास की भवन सामग्री साज, सज्जा, सामान एवं उपकरणों की नीलामी।

संस्थान का पुराना छात्रावास निष्प्रयोज्य घोषित होने के उपरान्त नये छात्रावास निर्माण की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। छात्रावास में लगी भवन सामग्री का आकलन रू0 3.65 लाख सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है।

संस्थान में विगत 7–8 वर्षो से पुराने सामान व उपकरणों की नीलामी नहीं करायी गयी है जिसके फलस्वरूप काफी मात्रा में निष्प्रयोज्य सामान व उपकरण इकत्रित हो गये है जिनका आकलन मूल्य लगभग रू0 6.00 लाख है।

समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की।

Scanned with OKEN Scanner

(5)

12.10 अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्नलिखित निर्देश प्रदान किये गये।

1. संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों में सुधार लाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न टेक्सटाइल एसोसियेशनों जैसे **NITRA, BTRA, ATIRA, SASMIRA** एवं अन्य अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए **Memorandum of Understanding (MOU)** किये जाय।

2. एल्युमिनायी फण्ड को ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट फण्ड से सम्बद्ध किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| (डी0बी0शाक्यवार) | (विद्यासागर शुक्ल) | (मोनिका एस गर्ग) |
| निदेशक | विशेष सचिव | प्रमुख सचिव/ |
| सदस्य सचिव | सदस्य वित्त विभाग | अध्यक्ष वित्त समिति |

Scanned with OKEN Scanner

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की 12 वीं वित्त समिति की बैठक दिनांक 05.06.2015 को प्रमुख सचिव कक्ष में सम्पन्न हुई। 12 वीं बैठक मे उपस्थित हुये सदस्यों का विवरण।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>वित्त समिति<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | अध्यक्ष | 5/6 |
| 2 | विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित | |
| 3 | विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 4 | निदेशक,<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य | A Kumar |
| 5 | वित्त नियत्रंक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 6 | निदेशक,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव | |